श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-4, कुतुबसांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

क्रमांक: ला.ब.शा.रा.सं.वि./परीक्षा/2020/1588 दिनांक 05.06.2020

आवश्यक सूचना

कोविड-19 महामारी से उत्पन्न समस्या को संज्ञान में रखते हुए विश्वविद्यालय अनुदान अयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार एवं विद्वत परिषद की दिनांक 27.05.2020 को सम्पन्न हुई बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2019-20 की शास्त्री (तृतीय वर्ष) आचार्य (द्वितीय वर्ष) एम.ए. योग (द्वितीय वर्ष) शिक्षाशास्त्री (द्वितीय वर्ष) शिक्षाचार्य (द्वितीय वर्ष) विशिष्टाचार्य एवं विद्यावारिधि पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों की सत्रीय परीक्षाएँ दिनांक 02.07.2020 से प्रारम्भ होगी। उपर्युक्त पाठ्यक्रमों के अन्तिम सत्र में योग्य अध्ययनरत छात्रों की सत्रीय परीक्षा कराने के लिए परीक्षा समय-सारिणी एवं परीक्षा में सम्मिलित होने वाले योग्य छात्रों की कक्षानुसार सूची तथा परीक्षा आवेदनपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइड पर उपलब्ध किया जायेगा।

उपर्युक्त पाठ्यक्रमों में योग्य छात्रों को सूचित किया जा सकता है कि समय-समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाइड पर उपलब्ध सूचनाओं को देखें तथा परीक्षाओं में सम्मिलत होने के लिए निम्नलिखित निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा-

1. सभी छात्रों को परीक्षा प्रारम्भ होने के समय से एक घण्टा पूर्व परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना आवश्यक होगा, जिससे आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण की जा सके।
2. परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होने हेतु सभी छात्र मास्क का प्रयोग आवश्यक रूप से करें।
3. सभी छात्रों को दो गज की दूरी का पालन करना आवश्यक होगा। इसी प्रकार से उनके बैठने की व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा की जायेगी।
4. सभी छात्रों को परीक्षा कक्ष में आने से पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा लगे साधनों से सेनेटाइज एवं थर्मल स्क्रीनिगं प्रक्रिया का पालन करना होगा।

परीक्षाओं को सूचारु रूप से आयोजित करने हेतु सम्बन्धित विभागों को सूचित किया जाता है कि वह परीक्षा आयोजित करने हेतु अपने विभाग से सम्बन्धित आवश्यक कार्यवाही यथासमय सम्पन्न करेंगे।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपित:-

1. समस्त संकायप्रमुख एवं विभागाध्यक्ष
2. निजी सचिव कुलपति/कुलसचिव
3. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि इस सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइड पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. अनुभाग अधिकारी, परीक्षा
5. सम्बन्धित पंजिका

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)